मेगा नीलामी के जरिए दी जाएगी निवेशकों को भूमि

- लखनऊ समेत 11 शहरों में जमीन होगी आवंटित
- कुल 154 इंडस्ट्रियल, 3 ग्रुप हाउसिंग की जमीनें मिलेंगी

लखनऊ,विशेष संवाददाता। नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना अथारिटी में भले ही जमीन नीलामी पर रोक लगा दी गई हो, लेकिन यूपीसीडा मेगा ई-आक्शन के जरिए 11 शहरों में उद्यमियों को विभिन्न निवेश परियोजनाओं के लिए जमीन उपलब्ध करवाएगा। अब लखनऊ, कानपुर, ट्रांस दिल्ली सिग्नेचर सिटी, अयोध्या, आगरा, मेरठ, गाजियाबाद, बरेली, गोरखपुर व अलीगढ़ में इंडस्ट्रियल प्लॉट्स की नीलामी 13 जुलाई को होगी।

उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास विभाग (यूपीसीडा) द्वारा आयोजित कराए जा रहे इस मेगा ई-ऑक्शन में कुल मिलाकर 154 इंडस्ट्रियल, 3 ग्रुप हाउसिंग, एक नर्सिंग होम, एक वेइंग ब्रिज, 8 वेयरहाउस के लिए प्लॉट्स और फ्लैटेड फैक्टरी में 10 रेंटेड हॉल के एलोकेशन का मार्ग प्रशस्त होगा। इस मेगा बिडिंग प्रक्रिया में प्रतिभाग करने के लिए आवेदन, कैटेलॉग डाउनलोडिंग, डॉक्यूमेंट फाइलिंग व डाउनलोडिंग समेत फीस जमा कराने प्रक्रिया को पहले ही ऑनलाइन माध्यम के जरिए पूरा कराया जा चुका है।

बेस प्राइसिंग में ट्रांस दिल्ली सिग्नेचर सिटी आगे: जिन इंडस्ट्रियल प्लॉट्स का एलोकेशन इस ई-बिडिंग के माध्यम से किया जा रहा है, उनकी बेस प्राइसिंग तय कर दी गई है। बेस प्राइसिंग के लिहाज से ट्रांस दिल्ली सिग्नेचर सिटी, अयोध्या, लखनऊ, कानपुर, झांसी व आगरा की इंडस्ट्रियल प्लॉटिंग्स की सबसे ज्यादा बेस प्राइस रखी गई है।